- पाइप से पिचकारी मारकर निकल रहा रेफ्रिजरेंट जल सकता है अथवा इससे आँख का जख्म हो सकता है. जब पाइप से रेफ्रिजरेंट लीक होता है, तो किसी भी तरह की खुली लपटों से बचें तथा ज्वलनशील पदार्थ को उत्पाद से दूर रख दें और कमरे में तुरंत ही हवा आने-जाने दें.

\- ऐसा न करने से आग लग सकती है अथवा विस्फोट हो सकता है.

महत्वपूर्ण सुरक्षा चिन्ह और सावधानियां:

चेतावनी	खतरे और असुरक्षित कार्यप्रणालियां जिनसे गंभीर **व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा मौत हो सकती है.**
सावधान	खतरे और असुरक्षित कार्यप्रणालियां जिनसे छोटी व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा **संपत्ति को नुकसान हो सकता है.**

	प्रयास न करें.
	पुर्जे अलग न करें.
	स्पर्श न करें.
	निर्देशों का अच्छी तरह पालन करें.
	पावर प्लग को दीवार की सॉकेट से बाहर निकाल दें.
	यह सुनिश्चित करें कि बिजली के झटके रोकने के लिए मशीन को जमीन पर रखा जाता है.
	मदद के लिए कॉन्टेक्ट सेंटर को कॉल करें.
	नोट करें.

ये चेतावनी संकेत आपको और अन्य लोगों को लगने वाली चोट रोकने के लिए हैं.
कृपया इनका पूरी तरह पालन करें.
इस सेक्शन को पढ़ने के बाद, इसे भावी संदर्भ के लिए किसी सुरक्षित स्थान में रख दें.

CE नोटिस

इस उत्पाद को यूरोपियन यूनियन के विनियम (EC) हश्र ६४३/२००९ द्वारा कार्यान्वित लो वोल्टेज डाइरेक्टिव (2006/95/EC), इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी डाइरेक्टिव (2004/108/EC), कमीशन डेलिगेटड रेगुलेशन (EU) हश्र 1060/2010 तथा ईको-डिजाइन डाइरेक्टिव (2009/125/EC) के अनुरूप होना निर्धारित किया गया है.
(केवल यूरोपियन देशों में बेचे गए उत्पादों के लिए)

परिवहन और साइट के लिए कड़े चेतावनी संकेत

चेतावनी

- उपकरण को वाहन में ले जाते और स्थापित करते समय, यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए कि रेफ्रिजरेटिंग सर्किट के कोई भी पाट्र्स क्षतिग्रस्त न हों.
- पाइप से लीक हो रहे रेफ्रिजरेंट से आग लग सकती है अथवा आँख का जख्म हो सकता है. यदि लीक का पता चल जाता है, तो खुली लपटों अथवा प्रज्वलन के संभावित स्रोतों से बचें तथा जिस कमरे में उपकरण कई मिनटों तक खड़ा रहता है उसमें हवा आने-जाने दें.
- इस उपकरण में थोड़ी मात्रा में आइसोब्यूटेन रेफ्रिजरेंट (R-600a) होता है, जो उच्च पर्यावरणीय अनुरूपता वाली प्राकृतिक गैस होती है और यह ज्वलनशील भी होती है.
  उपकरण को वाहन में ले जाते और स्थापित करते समय, यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए कि रेफ्रिजरेटिंग सर्किट के कोई भी पाट्र्स क्षतिग्रस्त न हों.
- रेफ्रिजरेटर का स्थान बदलते समय और उसे स्थापित करते समय, रेफ्रिजरेटर के पिछले हिस्से में स्थित पानी के पाइप को न छूएं।
- ऐसा करने से रेफ्रिजरेटर को क्षति पहुंच सकता है और परिणामस्वरूप जल डिस्पेंसर का प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

स्थापना के लिए कड़े चेतावनी संकेत

चेतावनी

- विद्युत पुर्जों के खराब हो चुके इन्सुलेशन से बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- इस रेफ्रिजरेटर को सीधे सूर्य की रोशनी में न रखें अथवा इसे स्टोव, रूम हीटर, अथवा अन्य उपकरणों के संपर्क में न आने दें.
- एक ही मल्टिपल पावर बोर्ड में अनेक उपकरणों को प्लग न करें. रेफ्रिजरेटर के प्लग को हमेशा इसके ही इलेक्ट्रिकल आउटलेट में डाला जाना चाहिए जिसकी वोल्टेज रेटिंग, रेटिंग प्लेट के अनुरूप हो.
- यह सर्वोत्तम कार्यप्रदर्शन देता है तथा यह हाउस वायरिंग सर्किटों को ओवरलोड होने से भी रोकता है, जिनसे आवश्यकता से आधिक गर्म हुई तारों के कारण आग का ख़तरा पैदा हो सकता है.
- यदि दीवार का सॉकेट ढीला है, तो पावर प्लग न लगाएं.
- बिजली के झटके अथवा आग लगने का जोखिम होता है.
- ऐसी तार प्रयोग न करें जिसमें इसकी लंबाई के साथ-साथ अथवा किसी भी किनारे पर क्रैक अथवा रगड़ का नुकसान दिखाई देता है.
- पावर की तार को न तो खींचे अथवा न ही अत्यधिक मोड़ें.
- पावर की तार को न तो मरोडें अथवा न ही बांधें.
- पावर की तार को किसी धातुगत वस्तु पर न लटकाएं, पावर की तार पर कोई भारी चीज न रखें, वस्तुओं के बीच पावर की तार न डालें, अथवा पावर की तार को उपकरण के पीछे की जगह में न धकेलें.
- रेफ्रिजरेटर को हिलाते समय, यह ध्यान रखें कि पावर की तार को लपेटें नहीं अथवा क्षति न पहुंचाएं.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- रेफ्रिजरेटर के नज़दीक एरोसोल प्रयोग न करें.
- रेफ्रिजरेटर के नजदीक प्रयोग किए एरोसोल से विस्फोट या आग लग सकती है.
- पावर की तार को अत्यधिक न मोड़ें अथवा इस पर कोई भारी चीजें न रखें.

- इस रेफ्रिजरेटर को प्रयोग किए जाने से पहले, पुस्तक में बताए गए अनुसार सही ढंग से स्थापित किया जाना चाहिए.
- रेफ्रिजरेटर को गीले स्थान में अथवा ऐसी जगह में स्थापित न करें जहां यह पानी के संपर्क में आ सकता है.
- विद्युत पुर्जों के खराब हो चुके इन्सुलेशन से बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- पावर प्लग को सही अवस्था में जोड़ें जिसमें तार नीचे लटक रही हो.
- यदि आप पावर प्लग को उल्टा करके लगाते हैं, तो तार कट सकती है और इसके कारण आग लग सकती है या बिजली के झटके लग सकते हैं।
- यह सुनिश्चित करें कि पावर प्लग रेफ्रिजरेटर के पीछे के भाग से दबता नहीं है अथवा क्षतिग्रस्त नहीं होता है.
- रेफ्रिजरेटर को हिलाते समय, यह ध्यान रखें कि पावर की तार को लपेटें नहीं अथवा क्षति न पहुंचाएं.
- इससे आग का खतरा होता है.
- पैकिंग सामग्री को बच्चों की पहुँच से दूर रखें.
- यदि बच्चे इन्हें अपने सिर पर रखते हैं तो दम घुटने से मौत होने का जोखिम होता है.
- इस उपकरण को इस तरह रखा जाना चाहिए ताकि यह पावर प्लग तक पहुँच सके.
- ऐसा न करने से विद्युत लीकेज के कारण बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- इस उपकरण को हीटर, ज्वलनशील सामग्री के निकट स्थापित न करें.
- इस उपकरण को नम, तैलीय अथवा धूल भरे स्थान में, अथवा सूर्य की रोशनी और पानी (वर्षा की बूँदों) के सीधे संपर्क में आने वाले स्थान में स्थापित न करें.
- इस उपकरण को ऐसे स्थान में स्थापित न करें जहां गैस लीक हो सकती है.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- यदि रेफ्रिजरेटर में कोई धूल अथवा पानी है, तो पावर प्लग को बाहर निकाल दें और अपने Samsung Electronics सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- अन्यथा इसमें आग लगने का जोखिम होता है.
- उपकरण के ऊपर खड़े न हों अथवा इसके ऊपर कोई चीज न रखें (जैसे धुलाई वाले कपड़े, जली हुई मोमबत्तियाँ, बर्तन, रसायन, धातु वस्तुएं, आदि).
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका, आग, उत्पाद के साथ समस्याएं, अथवा चोट लग सकती है.

- इस उपकरण को सही ढंग से जमीन में रखना चाहिए.
- उपकरण को गैस पाइप,प्लास्टिक वाटर पाइप, अथवा टेलीफोन लाइन पर न रखें.
- रेफ्रिजरेटर से करेंट लीक होने के कारण हुए पावर लीकेज अथवा बिजली के झटके रोकने के लिए आपको रेफ्रिजरेटर को जमीन पर स्थापित करना चाहिए.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका, आग, उत्पाद के साथ समस्याएं, अथवा चोट लग सकती है.
- पावर की तार को कभी भी ऐसे सॉकेट में प्लग नहीं करें जो सही ढंग से जमीन पर स्थापित न हुआ हो तथा यह सुनिश्चित करें कि यह स्थानीय और राष्ट्रीय कोड के अनुरूप हो.

- यदि पावर की तार क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो इसे तुरंत ही निर्माता से अथवा इसके सर्विस एजेंट से बदलवा लें.
- रेफ्रिजरेटर पर लगे फ्यूज़ को किसी योग्य तकनीशियन अथव सर्विस कंपनी द्वारा बदला जाना चाहिए.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका अथवा व्यक्तिगत चोट लग सकती है.

सावधान

स्थापना के लिए सतर्कता संकेत

- उपकरण के घेराव क्षेत्र में वायु-संचार मार्ग अथवा आरोहण संरचना को अवरोध-मुक्त रखें.
- उपकरण को स्थापना के बाद 2 घंटे तक यथावत रहने दें.
- इस उपकरण की स्थापना अथवा सर्विस किसी योग्य तकनीशियन या सर्विस कंपनी द्वारा कराए जाने की सिफारिश की जाती है.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका, आग, विस्फोट, उत्पाद के साथ समस्याएं, अथवा चोट लग सकती है.

चेतावनी

प्रयोग करने के लिए कड़े चेतावनी संकेत

- पावर प्लग को गीले हाथों से स्पर्श न करें.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका लग सकता है.
- चीजों को उपकरण के ऊपर न रखें.
- जब आप दरवाजा खोलते अथवा बंद करते हैं, तो चीजें गिर सकती हैं तथा इस प्रकार व्यक्तिगत चोट लग सकती है और/अथवा सामग्री को नुकसान हो सकता है.
- रेफ्रिजरेटर के ऊपर पानी से भरी चीजें न रखें.
- यदि यह गिर जाता है, तो आग अथवा बिजली के झटके लगने का जोखिम होता है.
- फ्रीज़र की आंतरिक दीवारों अथवा फ्रीज़र में रखें उत्पादों को गीले हाथों से न छुएं.
- इसके कारण फ्रोस्टबाइट (अत्यधिक ठंड से हाथ सुन्न होना) हो सकता है.
- रेफ्रिजरेटर के नाजदीक तापमान के प्रति संवेदनशील पदार्थ प्रयोग न करें अथवा न रखें, जैसे ज्वलनशील स्प्रे, ज्वलनशील वस्तुएं, ड्राई आइस, दवाई, अथवा रसायन.
  रेफ्रिजरेटर में वाष्पशील अथवा ज्वलनशील वस्तुएं या पदार्थ न रखें (बैंजीन, थिनर, प्रोपेन गैस, अल्कोहल, ईथर, एल.पी. गैस और इस प्रकार का अन्य उत्पाद, आदि).
- यह रेफ्रिजरेटर केवल खाद्य पदार्थ स्टोर करने के लिए है.
- इसके परिणामस्वरूप आग लग सकती है अथवा विस्फोट हो सकता है.
- रेफ्रिजरेटर में औषधीय उत्पाद, वैज्ञानिक सामग्री अथवा तापमान के प्रति संवेदनशील उत्पाद न रखें.
- जिन उत्पादों में कड़े तापमान नियंत्रणों की जरूरत होती है उन्हें रेफ्रिजरेटर में नहीं रखा जाना चाहिए.
- विद्युतीय उपकरणों को रेफ्रिजरेटर/फ्रीज़र के अंदर न रखें अथवा प्रयोग न करें, जब तक कि ये निर्माता द्वारा सुझाए गए प्रकार के न हों.
- यदि आपको दवाइयों अथवा धुंए की गंध महसूस होती है, तो तुरंत ही पावर प्लग को अलग निकाल दें और अपने Samsung Electronics सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- यदि रेफ्रिजरेटर में धूल अथवा पानी हो, तो पावर प्लग को अलग निकाल दें और अपने Samsung Electronics सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- अन्यथा इसमें आग लगने का जोखिम होता है.
- यदि गैस लीक होने का पता चलता है, तो खुली लपटों अथवा प्रज्वलन के संभावित स्रोतों से बचें तथा उस कमरे में हवा आने-जाने दें जहां उपकरण कई मिनटों से खड़ा है.
- डीफ्रोस्टिंग प्रक्रिया को तेज करने के लिए निर्माता द्वारा सुझाए गए तरीके के अलावा अन्य यांत्रिक उपकरणों अथवा किसी अन्य तरीके का प्रयोग न करें.
- रेफ्रिजरेंट सर्किट को नुकसानम पहुंचाएं.
- उपकरण की सतह पर कीटनाशक जैसी कोई वाष्पशील सामग्री न छिडकें.
- मानव के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ, इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका, आग अथवा उत्पाद के साथ समस्याएं भी हो सकती हैं.
- रेफ्रिजरेटर के आंतरिक भाग को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का प्रयोग न करें.
  दुर्गन्ध हटाने के लिए रेफ्रिजरेटर में जली हुई मोमबत्ती न रखें.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- पानी टंकी, बर्फ का ट्रे और वाटर 1यूब को केवल पीने योग्य पानी (मिनरल वाटर या विशुद्ध जल) से भरें।
- टंकी को चाय, जूस या स्पोर्ट्स ड्रिंक से न भरें, ऐसा करने से रेफ्रिजरेटर को नुकसान पहुंच सकता है।
- बच्चों को दरवाजे पर न लटकने दें.
  यदि ऐसा नहीं करते हैं, तो गंभीर चोट लग सकती है.
- बच्चों के फंसने का जोखिम.
  बच्चों को रेफ्रिजरेटर के अंदर न जाने दें.
- जब रेफ्रिजरेटर के आसपास कोई न हो, तो इसके दरवाजों को खुला न छोड़ें तथा बच्चों को रेफ्रिजरेटर के अंदर न जाने दें.
- शिशुओं अथवा बच्चों को दराज के अंदर न जाने दें.
- इसके अंदर फंसने से दम घुटने के कारण मौत हो सकती है अथवा व्यक्तिगत चोट लग सकती है.
- डीफ्रोस्टिंग प्रक्रिया को तेज करने के लिए निर्माता द्वारा सुझाए गए तरीके के अलावा अन्य यांत्रिक उपकरणों अथवा किसी अन्य तरीके का प्रयोग न करें.
- रेफ्रिजरेंट सर्किट को नुकसानम पहुंचाएं.
- फ्रिज शेल्फ को उल्टा न रखें. शेल्फ स्टॉपर कार्य नहीं कर सकता है.
- शीशे का शेल्फ़ गिरने से आपको चोट लग सकती है।
- फ्रिज शेल्फ को बॉक्स के स्थान पर न रखें. यदि जबरदस्ती रखा जाता है, तो अंदर की दीवार अथवा ग्लास टूट सकता है.
- इससे व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा सामग्री को नुकसान हो सकता है.

- गैस (जैसे प्रोपेन गैस, एल.पी. गैस, आदि) लीक होने की स्थिति में, पावर प्लग को स्पर्श किए बिना तुरंत ही हवा के आने-जाने की व्यवस्था करें. उपकरण अथवा पावर की तार को न छुएं.

- वेंटिलेटिंग फैन का प्रयोग न करें.
- किसी भी चिंगारी से विस्फोट अथवा आग लग सकती है.
- • निर्माता अथवा सर्विस एजेंट द्वारा प्रदान किए गए एल.ई.डी. लैम्पों का ही प्रयोग करें.
- • यह सुनिश्चित करने के लिए बच्चों पर निगरानी की जानी चाहिए कि वे उपकरण के साथ न खेलें.
- • अंगुलियों को ''चिकोटी'' काटने वाले भागों से दूर रखें; दरवाजों और कैबिनेट के बीच क्लीयरेंस आवश्यक रूप से छोटी होती हैं.
- • बच्चों को दरवाजे पर न लटकने दें. यदि ऐसा नहीं करते हैं, तो गंभीर चोट लग सकती है.
- • बच्चों के फंसने का जोखिम होता है. बच्चों को रेफ्रिजरेटर के अंदर न जाने दें.
- • बोतलों को इस तरह कसकर एक साथ रखा जाना चाहिए ताकि वे बाहर न गिरें.
- • यह उत्पाद घरेलू परिवेश में केवल खाद्य पदार्थ स्टोर करने के लिए ही है.
- • डिस्पेंसर के छेद, और आइस मेकर बकेट में कभी अंगुली या कोई अन्य वस्तु न डालें।
- इससे व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा सामग्री को नुकसान हो सकता है.
- • रेफ्रिजरेटर के नीचे अथवा पीछे के भाग में हाथ, पैर अथवा धातु की चीजें (जैसे चॉपस्टिक, आदि) न डालें.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका अथवा चोट लग सकती है.
- किसी भी तेज धार वाले किनारे से व्यक्तिगत चोट लग सकती है.

- • उपकरण को स्वयं मरम्मत, पुर्जे अलग करने, अथवा बदलने की कोशिश न करें.
- मानक फ्यूज़ के अलावा किसी अन्य फ्यूज़ (जैसे कॉपर, स्टील तार, आदि) का प्रयोग न करें.
- जब उपकरण की मरम्मत अथवा इसे दोबारा स्थापित करने की जरूरत होती है, तो अपने निकटतम सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका, आग, उत्पाद के साथ समस्याएं, अथवा चोट लग सकती है.

- • यदि उपकरण से अज़ीब सी आवाज, जलने की दुर्गंध अथवा धुआं निकलता है, तो तुरंत ही पावर प्लग को अलग निकाल दें तथा अपने निकटतम सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका अथवा आग लगने का जोखिम हो सकता है.
- • रेफ्रिजरेटर के आंतरिक लैम्प बदलने से पहले, पावर प्लग को सॉकेट से बाहर निकाल दें.
- अन्यथा, बिजली का झटका लगने का जोखिम होता है.
- • यदि आपको लाइट बदलते समय कोई कठिनाई होती है, तो सर्विस एजेंट से संपर्क करें.
- • यदि उत्पाद एल.ई.डी. लैम्प से सुसज्जित हो, तो लैम्प कवर और एल.ई.डी. लैम्प को स्वयं अलग न करें.
- कृपया अपने सर्विस एजेंट से संपर्क करें.
- • पावर प्लग को दीवार के सॉकेट में कसकर लगाएं. क्षतिग्रस्त पावर प्लग, क्षतिग्रस्त पावर तार अथवा ढीला दीवार सॉकेट प्रयोग न करें.
- इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- • उपकरण पर पानी से भरा कंटेनर न रखें.
- यदि यह गिर जाता है, तो आग अथवा बिजली के झटके लगने का जोखिम होता है.
- • लंबे समय तक यू.वी. एल.ई.डी. लैम्प पर सीधे आंखें गखड़ाकर न देखें.
- इसके परिणामस्वरूप, पराबैंगनी किरणों से आँ खों पर जोर पड़ सकता है.

प्रयोग करने के लिए सतर्कता संकेत

सावधान

- • उत्पाद से सर्वोत्तम कार्यप्रदर्शन प्राप्त करने के लिए,
- खाद्य पदार्थों को उपकरण के पिछले भाग में छिद्रों के सामने अत्यधिक निकट न रखें क्योंकि इससे रेफ्रिजरेटर कम्पार्टमेंट में स्वतंत्र वायुसंचार में बाधा आ सकती है.
- खाद्य पदार्थों को रेफ्रिजरेटर में रखने से पहले इन्हें सही ढंग से लपेटें अथवा वायुरुद्ध कंटेनर में रखें.
- नया तैयार किया गया खाद्य पदार्थ पहले से मौजूद खाद्य पदार्थ के सामने फ्रीजिंग के लिए न रखें.
- • फ्रीज़र में ग्लास अथवा बोतलें अथवा कार्बोनेटड पेय पदार्थ न रखें.
- कंटेनर फ्रीज़ हो सकता है अथवा टूट सकता है, और इसके परिणामस्वरूप चोट लग सकती है.
- • कृपया फ्रीज़ किए गए सामान की अधिकतम स्टोरेज अवधि और एक्सपाइरी तिथि देखें.
- • यदि आप तीन हफ़्तों से कम समय तक घर से बाहर रहेंगे, तो रेफ्रिजरेटर की पावर सप्लाई का कनेक्शन हटाने की जरूरत नहीं है. लेकिन, यदि आप तीन हफ़्तों अथवा अधिक समय के लिए बाहर जा रहे हैं, तो सभी खाद्य पदार्थों को हटा लें. रेफ्रिजरेटर का प्लग हटा लें और इसे साफ़ करें, धोएं और सुखाएं.
- • फ्रीज़र कम्पार्टमेंट में कार्बोनेटेड अथवा शैम्पेन जैसे पेय पदार्थ न रखें. फ्रीज़र में बोतलें अथवा ग्लास कंटेनर न रखें.
- जब सामग्री जम जाती है, तो ग्लास टूट सकता है और इससे व्यक्तिगत चोट लग सकती है और संपत्ति को नुकसान पहुँच सकता है.
- • रेफ्रिजरेटर की कार्यप्रणाली न बदलें अथवा परिवर्तित न करें.
- बदलावों अथवा परिवर्तनों के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत चोट लग सकती है और/अथवा संपत्ति को नुकसान पहुँच सकता है. इस पूर्ण उपकरण पर किसी तीसरे पक्ष द्वारा किए बदलाव अथवा परिवर्तनम तो Samsung वारंटी सर्विस के अंतर्गत कवर होते हैं, न ही Samsung तीसरे पक्ष के परिवर्तनों के कारण उत्पन्न सुरक्षा मुद्दों और क्षतियों के लिए जिम्मेदार होता है.
- • वायु छिद्रों को अवरुद्ध न करें.
- यदि वायु छिद्रों को अवरुद्ध किया जाता है, विशेष रूप से प्लास्टिक बैग से, तो रेफ्रिजरेटर आवश्यकता से अधिक ठंडा हो सकता है.
- • रेफ्रिजरेटर के साथ प्रदान किए गए आइस-मेकर को ही प्रयोग करें.
- • अंदर से फालतू नमी पोंछ दें और दरवाजे को खुला छोड़ दें.
- अन्यथा, दुर्गन्ध और फफूंदी पैदा हो सकती है.
- • जब रेफ्रिजरेटर पानी से गीला हो जाता है, तो पावर प्लग निकाल दें तथा अपने Samsung Electronics सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- • ध्यान रखें कि आपकी अंगुलियां अंदर फंस न जाए।



सफाई और रख-रखाव के लिए सतर्कता संकेत

सावधान

- साफ़ करने के लिए प्रयुक्त उत्पाद को सीधे डिसप्ले पर पर न छिड़कें.
- डिसप्ले पर प्रिंट हुए अक्षर निकल सकते हैं.
- यदि उपकरण में कोई बाहरी पदार्थ अर्थात पानी घुस गया है, तो पावर प्लग निकाल दें तथा अपने निकटतम सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- नियमित आधार पर सूखे कपड़े का प्रयोग करके पावर प्लग टर्मिनलों और संपर्क बिंदुओं से धूल अथवा पानी जैसे सभी बाहरी पदार्थों को हटा दें.
- पावर प्लग निकालकर इसे सूखे कपड़े से साफ़ करें.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.
- उपकरण को सीधे इसके ऊपर पानी छिड़क कर साफ़ न करें.
- साफ़ करने के लिए बैंजीन, थिनर, अथवा कलरोक्स, क्लोराइड इस्तेमाल न करें.
- ये उपकरण की सतह को क्षति पहुंचा सकते हैं और इससे आग लग सकती है.
- डिस्पेंसर के छेद में अंगुलियां या कोई अन्य वस्तु न डालें।
- इससे व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा सामग्री को नुकसान हो सकता है.

- सफाई अथवा मरम्मत करने से पहले, उपकरण का प्लग दीवार के सॉकेट से निकाल दें.
- ऐसा न करने से बिजली का झटका अथवा आग लग सकती है.

निपटान के लिए कड़े चेतावनी संकेत

चेतावनी

- शेल्फों को उनके स्थान में रहने दें ताकि बच्चे आसानी से अंदर न चढ़ सकें.
- निपटान करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे वाले भाग पर कोई भी पाइप क्षतिग्रस्त नहीं है.
- ऋ-६००ड्ड अथवा ऋ-१३४ड्ड को रेफ्रिजरेंट के रूप में प्रयोग किया जाता है. उपकरण के पीछे के भाग पर यह देखने के लिए कम्प्रेसर लेबल अथवा रेफ्रिजरेटर के अंदर रेटिंग लेबल चेक करें कि आपके रेफ्रिजरेटर के लिए किस रेफ्रिजरेंट का प्रयोग किया गया है.
  जब इस उत्पाद में ज्वलनशील गैस (रेफ्रिजरेंट R-600a) होती है, तो इस उत्पाद के सुरक्षित निपटान के संबंध में अपने स्थानीय प्राधिकरण से संपर्क करें. साइक्लोपेंटेन का प्रयोग इन्सुलेशन उड़ाने वाली गैस के रूप में किया जाता है.
  इन्सुलेशन सामग्री में गैसों के लिए विशेष निपटान प्रक्रिया होती है.
  इस उत्पाद के पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित निपटान के संबंध में अपने स्थानीय प्राधिकरणों से संपर्क करें. यह सुनिश्चित करें कि निपटान से पहले उपकरण के पीछे के भाग पर कोई भी पाइप क्षतिग्रस्त नहीं है.
  पाइपों को खुली जगह में तोड़ा जाएगा.
- इसे अथवा अन्य रेफ्रिजरेटर/रों का निपटान करते समय, दरवाजा/दरवाजे की सील, दरवाजे की चिटकनी निकाल दें ताकि बच्चे अथवा जानवर इसके अंदर फंस न सकें. यह सुनिश्चित करने के लिए बच्चों की निगरानी करनी चाहिए कि वे उपकरण के अंदर न जाएं अथवा इसके साथ न खेलें.
- यदि अंदर फंस जाता है, तो बच्चे को चोट लग सकती है अथवा दम घुटने से मौत हो सकती है.
- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण अनुकूल तरीके से करें.
- सभी पैकेजिंग सामग्री को बच्चों की पहुँच से दूर रखें, क्योंकि पैकेजिंग सामग्री बच्चों के लिए खतरनाक हो सकती है.
- यदि बच्चा अपने सिर के ऊपर बैग रखता है, तो इसके परिणामस्वरूप दम घुट सकता है.

उचित उपयोग के लिए अतिरिक्त सुझाव

- पावर फेल होने की स्थिति में, अपनी इलेक्ट्रिसिटी कंपनी के स्थानीय कार्यालय को कॉल करें और पूछें कि यह कितनी देर तक ठीक होगी.
- पावर फेल होने के अधिकांश मामलों में, जिन्हें एक या दो घंटे में ठीक कर लिया जाता है, आपके रेफ्रिजरेटर के तापमान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.
  लेकिन, पावर ऑफ होने की स्थिति में आपको दरवाजे खोलने की संख्या कम से कम करनी चाहिए.
- लेकिन यदि पावर 24 घंटे से अधिक समय तक नहीं रहती है, तो बर्फ़ में जमाए गए सभी खाद्य पदार्थों को निकाल दें.
- यदि रेफ्रिजरेटर के साथ चाबियां दी जाती हैं, तो इन्हें बच्चों की पहुँच से दूर रखा जाना चाहिए और ये उपकरण के आस-पास नहीं होनी चाहिएं.
- उपकरण तब नियमित रूप से कार्य नहीं कर सकता है (फ्रोज़न खाद्य पदार्थ कंपार्टमेंट में सामग्री के डीफ्रोस्ट होने अथवा तापमान बहुत अधिक गर्म होने की संभावना) जब इसे उस तापमान की रेंज, जिसके लिए रेफ्रिजरेटिंग उपकरण को डिजाइन किया गया है, के ठंडे छोर से कम अवधि के लिए स्थापित किया जाता है.
- कम तापमानों पर ऐसे खाद्य पदार्थ स्टोर न करें जो आसानी से खराब हो जाते है, जैसे केला, तरबूज.
- आपका उपकरण फ्रोस्ट-फ्री है, जिसका अर्थ है कि अपने उपकरण को हाथ से डीफ्रोस्ट करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह स्वयं डीफ्रोस्ट हो जाएगा.
- डीफ्रोस्ट प्रक्रिया के दौरान तापमान वृद्धि आई.एस.ओ. शर्तों के अनुरूप हो सकती है.
  लेकिन यदि उपकरण को डीफ्रोस्ट करते समय आप फ्रोज़न खाद्य पदार्थों के तापमान में अनावश्यक वृद्धि को रोकना चाहते हैं, तो कृपया फ्रोज़न खाद्य पदार्थ को अखबार की अनेक परतों में कवर करें.
- डीफ्रोस्ट प्रक्रिया के दौरान फ्रोज़न खाद्य पदार्थ के तापमान में वृद्धि से इसकी स्टोरेज अवधि कम हो सकती है.
- उन फ्रोज़न खाद्य पदार्थों को दोबारा फ्रीज़ न करें जो पूरी तरह से गल गए हैं.

ऊर्जा बचत सुझाव

- उपकरण को पर्याप्त वायुसंचार वाले ठंडे, शुष्क कमरे में स्थापित करें. यह सुनिश्चित करें कि इस पर सूर्य की सीधी रोशनी नहीं पड़ती है और

इसे कभी भी ऊष्मा के सीधे स्रोत के निकट न रखें (उदाहरण के लिए, रेडिएटर).

- उपकरण के ऊपर किसी छिद्र अथवा ग्रिल को कभी भी अवरुद्ध न करें.
- गर्म खाद्य पदार्थ को उपकरण के अंदर रखने से पहले ठंडा होने दें.
- रेफ्रिजरेटर में फ्रोज़न खाद्य पदार्थ को पिघलने दें.
  तब आप फ्रोज़न उत्पादों के कम तापमानों को रेफ्रिजरेटर में खाद्य पदार्थ को ठंडा करने हेतु प्रयोग कर सकते हैं.
- खाद्य पदार्थ रखते अथवा निकालते समय उपकरण के दरवाजों को लंबे समय तक खुला न रखें. दरवाजे को जितने लंबे समय तक के लिए खोला जाता है, फ्रीज़र में उतनी ही कम बर्फ़ बनेगी.
- स्थापित करते समय दाएं, बाएं, पीछे और ऊपर के भाग अवरोधमुक्त रहने दें.
  इससे पावर खपत और आपके बिजली के बिल को कम रखने में मदद मिलेगी.

सामग्रियां

अपना रेफ्रिजरेटर स्थापित करना 8
Samsung रेफ्रिजरेटर चलाना 11
समस्या निवारण 18

अपना रेफ्रिजरेटर स्थापित करना

रेफ्रिजरेटर स्थापित करने के लिए तैयार होना

अपना Samsung रेफ्रिजरेटर खरीदने पर आपको बधाई.
हमें आशा है कि आप इस नए उपकरण द्वारा प्रदान की गई अत्याधुनिक विशेषताओं और कार्यक्षमताओं का आनंद उठाएंगे.

चेतावनी

- इस रेफ्रिजरेटर को प्रयोग किए जाने से पहले, पुस्तक में बताए गए अनुसार सही ढंग से स्थापित किया जाना चाहिए.
- इस उपकरण को निर्देश पुस्तक में वर्णन किए गए उद्देश्य हेतु ही प्रयोग करें.
- हम पुरजोर सिफारिश करते हैं कि सर्विसिंग किसी योग्य कर्मी से कराई जानी चाहिए.
- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण अनुकूल तरीके से करें.
- रेफ्रिजरेटर की आंतरिक लाइट बदलने से पहले पावर प्लग निकाल दें.
- – अन्यथा, बिजली का झटका लगने का जोखिम होता है.

रेफ्रिजरेटर के लिए सबसे उपयुक्त स्थान चुनना

- ऐसा स्थान चुनें जो सूर्य की सीधी रोशनी में न हो.
- समतल (अथवा लगभग समतल) फ़र्श वाला स्थान चुनें.
- रेफ्रिजरेटर के दरवाजे आसानी से खुलने देने के लिए पर्याप्त जगह वाला स्थान चुनें.
- समतल फ़र्श पर रेफ्रिजरेटर स्थापित करने के लिए पर्याप्त जगह रहने दें.
- – यदि आपका रेफ्रिजरेटर समतल फ़र्श पर नहीं है, तो आंतरिक कूलिंग सिस्टम सही ढंग से कार्य नहीं कर सकता है.
- – प्रयोग में आवश्यक समग्र जगह.
  नीचे चित्र और आयाम देखिए.





ऊपर दिया चित्र RT42* प्रदर्शित करता है।

मॉडल	A	B	C
RT38	1275	1001	115˚
RT38(Glass Door Only)	1290	1001	115˚
RT35	1275	1001	115˚
RT35(Glass Door Only)	1290	1001	115˚
RT32	1221	1040	135˚
RT29	1221	1040	135˚
RT25	1141	964	135˚
RT22	1141	964	135˚
RT20	1141	964	135˚



बेहतर कार्यप्रदर्शन के लिए अंतरक से कागज़ हटाएं और फिर दो अंतरकों (स्लेटी खंड) को रेफ्रिजरेटर के पीछे लगाएं। सुनिश्चित करें कि रेफ्रिजरेटर स्थापित करने के दौरान दो अंतरक नीचे चित्र में प्रदर्शित तरीके से लगाए गए हों। यह रेफ्रिजरेटर के कार्यप्रदर्शन को बेहतर बना देता है। **(वैकल्पिक)**

वायुसंचार के लिए दाएं, बाएं, पीछे और ऊपर पर्याप्त जगह रहने दें.
इससे बिजली की खपत और अपने बिजली के बिलों को कम रखने में मदद मिलेगी.

रेफ्रिजरेटर को वहां स्थापित न करें जहां तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाएगा.

कृपया यह सुनिश्चित करें कि मरम्मत और सर्विस किए जाने की स्थिति में उपकरण को आसानी से खिसकाया जा सके.

सावधान

रेफ्रिजरेटर स्थापित करने, सर्विस करने या उसके पीछे का हिस्सा साफ करने के दौरान, पहले यूनिट को खींच कर बाहर निकालना और पूरा होने के बाद वापस लगा देना सुनिश्चित करें। साथ ही, यह सुनिश्चित कर लें कि आपका फर्श पूर्ण रूप से भरे रेफ्रिजरेटर को संभाल लेता हो।
अन्यथा, इसके कारण फर्श क्षतिग्रस्त हो सकता है।

सावधान

कृपया अतिरिक्त लम्बाई वाली पावर की तार को रेफ्रिजरेटर के पीछे के भाग पर बांधें ताकि यह फ़र्श पर स्पर्श न हो और उपकरण को कहीं और ले जाने पर रोलरों द्वारा पावर की तार पिचके नहीं.

फर्श

उचित स्थापना के लिए, इस रेफ्रिजरेटर को समतल सतह वाली कठोर सामग्री पर रख जाना चाहिए जिसकी ऊँचाई शेष फर्श के समान ही हो। इस सतह को पर्याप्त रूप से मजबूत होना चाहिए ताकि यह पूरी तरह से भरे रेफ्रिजरेटर का भार (या लगभग 100 किलो) सह ले। फर्श के परिष्करण की सुरक्षा के लिए, कार्ड बोर्ड का एक बड़ा अनुभाग काट लें और जहां आप कार्य कर रहे हैं वहां इसे रेफ्रिजरेटर के नीचे रख दें।

रेफ्रिजरेटर को खींचने या धकेलने से फर्श क्षतिग्रस्त हो सकता है। स्थापना के बाद रेफ्रिजरेटर का स्थान बदलने से फर्श क्षतिग्रस्त हो सकता है।



सावधान

ध्यान रखें = रेफ्रिजरेटर का स्थान बदलते समय कवर लेग को क्षति न पहुंचाएं। कवर लेग तार और पानी के पाइप की सुरक्षा करता है। यदि यह क्षतिग्रस्त है, तो रेफ्रिजरेटर को भी क्षति पहुंच सकता है। **(वैकल्पिक)**



रेफ्रिजरेटर का लेवल सही करना

यदि उपकरण का अगला भाग पिछले भाग से थोड़ा ऊँचा होता है, तो दरवाजों को अधिक आसानी से खोला और बंद किया जा सकता है.



< केस 1 > < केस 2 >

केस 1) उपकरण बायीं ओर झुकता है.

- बायीं ऐडजस्ट करने वाली टांग को तब तक तीर की दिशा में घुमाएं जब तक उपकरण का लेवल समतल नहीं हो जाता है.

केस 2) उपकरण दायीं ओर झुकता है.

- दायीं ऐडजस्ट करने वाली टांग को तब तक तीर की दिशा में घुमाएं जब तक उपकरण का लेवल समतल नहीं हो जाता है.

स्टैंड टेबल



रेफ्रिजरेटर का वैकल्पिक स्टैंड टेबल सेट बेस, जब आप इसका उपयोग करते हैं तो आप समायोजन पैर को मोड़ नहीं सकते। (मॉडल के अनुसार कोई स्टैंड टेबल नहीं है)।

रेफ्रिजरेटर स्थापित करना

अब आपने अपना रेफ्रिजरेटर उपयुक्त स्थान में स्थापित कर लिया है, आप उपकरण की सभी विशेषताओं और कार्यप्रणालियों का आनंद उठाने के लिए तैयार है.
निम्न चरणों को पूरा करके, आपका रेफ्रिजरेटर पूरी तरह से कार्य करने लगेगा. यदि नहीं, तो पहले पावर सप्लाई और बिजली का स्रोत चेक करें अथवा इस प्रयोक्ता गाइड के पीछे समस्या निवारण सेक्शन आजमाएं.
यदि आपके कोई और प्रश्न हैं, तो अपने Samsung Electronics सर्विस सेंटर से संपर्क करें.

1. रेफ्रिजरेटर को समुचित स्थान में रखें जिसमें दीवार और रेफ्रिजरेटर के बीच उचित निकास हो.
   इस पुस्तक में स्थापना निर्देश देखें.
2. जब रेफ्रिजरेटर को प्लग कर दिया जाता है, तो यह सुनिश्चित करें कि जब आप दरवाजे खोलते हैं तो अंदर लाइट आती है.
3. टैम्परेचर कंट्रोल को सबसे कम तापमान पर सेट करें और एक घंटे तक इंतज़ार करें.
   फ्रीज़र थोड़ा ठंडा हो जाना चाहिए और मोटर को आसानी से चलना चाहिए.
4. रेफ्रिजरेटर को पावर देने के बाद, इसे समुचित तापमान तक पहुँचने में कुछ घंटे लगेंगे.
   जब रेफ्रिजरेटर का तापमान पर्याप्त रूप से ठंडा हो जाता है, तो आप रेफ्रिजरेटर में खाद्य और पेय पदार्थ रख सकते हैं.

Samsung रेफ्रिजरेटर चलाना



हर बार जब आप बटन दबाते हैं, तो थोड़ी देर के लिए बीप सुनाई देगी.

1 पावर कूल

1. जब आप **पावर कूल** बटन दबाते हैं, तो संकेतक ( ) जल जाएगा और रेफ्रिजरेटर तेज़ी से ठंडा करने लगेगा।
2. यह फंकशन कुछ घंटों के लिए सक्रिय हो जाएगा और फिर वापस पिछले तापमान में लौट जाएगा।
3. यह कार्यप्रणाली स्वत: ही ऑफ हो जाती है.
   जब पावर कूल प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो पावर कूल संकेतक बंद हो जाएगा और फ्रीजर पिछले तापमान सेटिंग में वापस चला जाएगा।
   इस कार्यप्रणाली को निष्क्रिय करने के लिए, पावर कूल बटन दबाएं.

जब पावर कूल फं1शन का उपयोग करते हैं, तो रेफ्रिजरेटर का कूलोंग कुछ घंटों के लिए तेज़ हो जाएगा।

जब आप इस कार्यप्रणाली का प्रयोग करते हैं तो रेफ्रिजरेटर की ऊर्जा खपत बढ़ जाएगी।
इसे ऑफ करना याद रखें जब आपको इसकी आवश्यकता न हो तथा फ्रीज़र को इसकी मूल तापमान सेटिंग में वापस ले जाएं।
यदि आपको बड़ी मात्रा में खाद्य-सामग्री को फ्रीज़ करने की आवश्यकता है तो रेफ्रिजरेटर प्रकोष्ठ का तापमान दायें सिरे पर और कम से कम 24 घंटे पहले रेफ्रिजरेटर का तापमान 1~2°C (डिस्प्ले मॉडल) या Optimal~5 (नॉन-डिस्प्ले मॉडल) पर सेट करें।

2 फ्रिज

फ्रिज को 1° से. से 1° से. और 7° से. के बीच की रेंज के वांछित तापमान में सेट करने के लिए Fridge बटन दबाएं।
डिफॉल्ट निर्धारित तापमान २° से. पर सेट होता है और जितनी बार आप Fridge बटन दबाते हैं, तापमान क्रम में परिवर्तित होता जाएगा और तापमान संकेतक वांछित तापमान प्रदर्शित करेगा।

यदि आपको बड़ी मात्रा में खाद्य-सामग्री को फ्रीज़ करने की आवश्यकता है तो रेफ्रिजरेटर प्रकोष्ठ का तापमान दायें सिरे पर और कम से कम 24 घंटे पहले रेफ्रिजरेटर का तापमान 1~2°C (डिस्प्ले मॉडल) या Optimal~5 (नॉन-डिस्प्ले मॉडल) पर सेट करें।

1° से. — 7° से. — 5° से. — 3° से. — 2° से.

3 बर्फ़ चालू/बंद

यदि आप अधिक बर्फ़ नहीं बनाना चाहते हैं, तो **Ice On/Off** बटन दबाएं, और इंडिकेटर जलने लगेगा।
सामान्य रूप से सेट की गई आइस ऑन/ऑफ कार्यप्रणाली ऑन होती है।
हम आपको सलाह देते हैं कि आप निम्न स्थिति में बर्फ़ बनाना बंद कर दें:

- आइस बकेट में पर्याप्त बर्फ़ है।
- आप पानी और ऊर्जा की बचत करना चाहते हैं।
- पानी की टंकी खाली है।

तापमान को नियंत्रित करना



हम फ्रीज़र तथा रेफ्रीज़रेटर के तापमान को इष्टतम पर सेट करने की सिफारिश करते हैं ताकि उपकरण का कामकाज उचित बना रहे।
यदि रेफ्रीज़रेटर में खाने पीने की वस्तुएं जम गई हैं या आप फ्रीज़र का तापमान बढ़ाना चाहते हैं, तो फ्रीज़र तापमान नियंत्रक को बांई ओर सेट करें।



- यदि कमरे का तापमान 10°C से कम है, तो बर्फ जमाने के लिए फ्रीज़र तापमान नियंत्रक को दांई ओर सेट करें।



- यदि कमरे का तापमान 35°C से अधिक है, तो फ्रीज़र तापमान नियंत्रक को बर्फ जमाने के लिए इष्टतम पर सेट करें।

फ्रीज़र के तापमान को समायोजित करना

यदि आप फ्रीज़र के तापमान को कम करना चाहते हैं, तो फ्रीज़र के तापमान नियंत्रक को दांई ओर सेट करें।



यदि आप फ्रीज़र के तापमान को बढ़ाना चाहते हैं, तो तापमान नियंत्रक को बांई ओर सेट करें।



- यदि कमरे का तापमान 10°C से कम है, तो फ्रीज़र के तापमान नियंत्रक को दांई ओर सेट करें।



नहीं तो रेफ्रीज़रेटर के कामकाज में समस्याएं हो सकती हैं।

- यदि कमरे का तापमान 35°C से अधिक है, तो फ्रीज़र के तापमान नियंत्रक को दांई ओर सेट न करें।
  नहीं तो रेफ्रीज़रेटर के कामकाज में समस्याएं हो सकती हैं।

फ्रिज के तापमान को समायोजित करना



(ए टाइप) (बी टाइप) (सी टाइप)

यदि रेफ्रीज़रेटर में खाने पीने की वस्तुएं उतनी ठंडी नहीं हैं जितनी आप चाहते हैं या यदि आप रेफ्रीज़रेटर के तापमान को कम करना चाहते हैं, तो रेफ्रीज़रेटर के तापमान नियंत्रक को 5~6 पर या डिस्प्ले मॉडल के तापमान को 1 पर सेट करें।
यदि रेफ्रीज़रेटर में खाने पीने की वस्तुएं जम गई हैं या आप फ्रीज़र का तापमान बढ़ाना चाहते हैं, तो रेफ्रीज़रेटर के तापमान नियंत्रक को 1~3 पर या डिस्प्ले मॉडल के तापमान को 3~7 पर सेट करें।

- यदि कमरे का तापमान 10°C से कम है, तो रेफ्रीज़रेटर के तापमान नियंत्रक को 1~2 पर या डिस्प्ले मॉडल को के तापमान 5~7 पर सेट न करें, नहीं तो रेफ्रीज़रेटर के कामकाज में समस्याएं हो सकती हैं।
- यदि कमरे का तापमान 35°C से अधिक है, तो फ्रीज़र के तापमान नियंत्रक को 4~6 पर या डिस्प्ले मॉडल के तापमान को 1~2 पर सेट करें। नहीं तो रेफ्रीज़रेटर के कामकाज में समस्याएं हो सकती हैं।

बर्फ बनाना (वैकल्पिक)

ट्विस्ट आइस मेकर

आइस क्यूब बनाना

आइस क्यूब ट्रे को अपनी ओर खींचकर इसे निकालें। ट्रे को इसके पीछे अंकित अधिकतम जल स्तर तक भरें।
ट्रे को वापस होल्डर में सरका दें, इस बात का ध्यान रखते हुए कि पानी न गिरे।
क्यूब बनने तक इंतज़ार करें।

आइस क्यबू निकालना

यह सुनिश्चित करें कि आइस क्यूब स्टोरेज बिन, आइस क्यूब ट्रे के नीचे अपनी जगह में है। यदि नहीं, तो इसे नियत स्थान में सरका दें।
घड़ी की सुई की दिशा में किसी एक लीवर को मजबूती से घुमाएं जब तक कि ट्रे थोड़ा मुड़ न जाए।
परिणाम: आइस क्यूब स्टोरेज बिन में गिरते हैं।
ट्रे के दूसरे भाग के लिए चरण 2 दोहराएं, यदि आवश्यक हो। निम्न द्वारा स्टोरेज बिन निकालें:

- इसे थोड़ा उठाकर
- इसे अपनी ओर खींचकर



सावधान

विस्फोट का खतरा

- फ्रीज़ हो सकने वाले द्रव्य को धारण करने वाली कांच की बोतलों को कभी भी फ्रीज़र में स्टोर नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इसकी सामग्री फ्रीज़ होने पर ग्लास फूट जाएगा।

ट्रे प्रकार (वैकल्पिक)

आइस 1यूब बनाना

आइस ट्रे को पानी से भरें जब तक कि यह ट्रे के पिछले भाग में अधिकतम स्तर चिह्न तक न पहुंच जाए।
आइस ट्रे को फ्रीजर में रखें।



आइस 1यूब निकालना

आइस ट्रे के दोनों छोर को पकड़ें, और इसे हल्के-हल्के मोड़ कर आइस 1यूब को निकालें।



वॉटर डिस्पेंसर (वैकल्पिक) का प्रयोग करना

वॉटर डिस्पेंसर से आप रेफ्रिजरेटर दरवाजे को खोले बिना आसानी से अत्यधिक ठंडा पानी प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप डिस्पेंसर लीवर को लगभग 1 मिनट के लिए लगातार दबाते हैं, डिस्पेंसर कार्य करना बंद कर देगा। अधिक पानी पाने के लिए, लीवर को दोबारा दबाएं।
डिस्पेंसर को लगभग 1 मिनट के संचालन समय और हर उपयोग में लगभग 1 रुकी क्षमता के लिए तैयार किया गया है।

वॉटर टैंक को ऊपर उठाकर बाहर खीचें।

- वॉटर टैंक उठाने के लिए दोनों किनारों पर हैंडग्रिप पकड़ें।
- वॉटर टैंक को प्रथम बार प्रयोग करने से पहले इसके भीतरी भाग को साफ कर लें।
- पानी की टंकी को अलग करने के बाद, रेफ्रिजरेटर के अंदरूनी हिस्से को तब तक पोछें जब तक यह साफ न हो जाए और सूख खन जाए।



सावधान

पानी की टंकी वापस लगाने के बाद, पानी की टंकी के नीचे स्थित शेल्फ को न निकालें। इससे व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा सामग्री को नुकसान हो सकता है.

अधिक जगह के लिए, वॉटर टैंक से पानी खाली कर दें, ढक्कन को पूरी तरह से निकाल लें, वॉटर टैंक को वापस रख दें और इसे खाद्य पदार्थ स्टोर करने के लिए प्रयोग करें।

वॉटर टैंक में पानी भरें, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह स्थिर अवस्था में है, जिससे अधित विस्तृत जल आपूर्ति निकास मिल सके।

- पानी 5 L तक भरें। यदि इससे ज्यादा पानी भर जाता है, तो ढक्कन बंद करने पर यह बाहर निकल सकता है।
- वॉटर टैंक के रेफ्रिजरेटर में रखे होने पर इसमें पानी भरना असंभव होता है।

विधि 1.
खोलने के लिए गोल ढक्कन को तीर की दिशा में उठाकर पानी भरें।



विधि 2.
बड़े ढक्कन को खोलने के लिए इसे पकड़कर और उठाकर पानी भरें।



वॉटर टैंक फिट करने के बाद रेफ्रिजरेटर दरवाजे को बंद कर दें।

- यह पुष्टि करें कि दरवाजा बंद करने के बाद डिस्पेंसर कॉक बाहर की ओर रहती है।







सावधान: वॉटर टैंक को फ्रिज के अंदर की शेल्फ पर फिक्स करें।
यदि ऐसा नहीं होता है, तो वॉटर टैंक सही ढंग से कार्य नहीं कर पाएगा।
रेफ्रिजरेटर को वॉटर टैंक के बिना प्रयोग न करें।
यदि ऐसा नहीं होता है, तो इससे कार्यकुशलता समस्या पैदा हो सकती है। पानी की टंकी ठीक करते समय, ध्यान रखें कि आपकी अंगुली अंदर न फंस जाए।

सावधान: टंकी को केवल पानी डालें (मिनरल वाटर या विशुद्ध जल) और किसी अन्य द्रव का उपयोग न करें।

सावधान: ध्यान रखें कि रेफ्रिजरेटर को स्थानांतरित करते समय टंकी न गिर जाए 1योंकि पानी की टंकी के भरे होने पर आपको चोट लग सकती है।

सावधान: पानी टंज़ी से जुड़े अंदरूनी पंप ज़ो न खोलें।
पानी ज़ा पाइप और पानी टंज़ी ज़ी टोंटी ज़ो क्षति न पहुंचाने ज़े लिए ध्यान रखें।
यदि डिस्पेंसर खुला या क्षतिग्रस्त हो तो इसज़ा परिचालन नहीं ज़िया जा सज़ता है।

पानी के निकास मार्ग के नीचे ग्लास रखें और इसे अपने ग्लास से डिस्पेंसर लीवर के विरुद्ध धीरे से धकेलें।
यह सुनिश्चित करें कि ग्लास, डिस्पेंसर की लाइन में है ताकि पानी को बाहर उछलकर आने से रोका जा सके।

सावधान: जब आप वॉटर डिस्पेंसर को 2-3 दिनों तक (विशेष रूप से गर्मियों के दौरान) प्रयोग नहीं करते हैं, तो इसके द्वारा दिए गए पानी में अजीब गंध अथवा स्वाद हो सकता है। यदि ऐसा होता है, तो हम सलाह देते हैं कि आप बेहतर स्वाद वाले पानी प्राप्त करने के लिए पहले 1-2 ग्लास पानी फेंक दें।

यदि आपने अभी-अभी रेफ्रिजरेटर स्थापित किया है, तो पहले छह गिलास पानी निकाल कर बहा दें ताकि जल आपूर्ति प्रणाली से गंदगियां निकल जाए। यह सुनिश्चित करें कि पीने से पहले पानी साफ़ निकलता है.

सावधान: जब आप लंबी छुट्टी या व्यावसायिक यात्रा पर जा रहे हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि पानी की टंकी में जरा भी पानी नहीं है।

कृपया पानी लेने के बाद कप को हटाने से पहले १ सेकंड इंतज़ार करें जिससे पानी छलकने से बचा जा सके.
जब आप इसे पहली बार प्रयोग करते हैं तो होक्न के भीतर हवा होने के कारण कृपया डिस्पेंसर लीवर को 1 10 सेकंड तक धकेलें.

स्वतः बर्फ़ बनाने वाले का उपयोग करना (वैकल्पिक)

जब आप रेफ्रिजरेटर को ऑन करते हैं, तो आइस मेकर को 1 से 2 दिनों तक बर्फ़ बनाने दें. समय बीतने के साथ-साथ, फ्रीज़र द्वारा बनाई गई बर्फ़ की पहली 1 अथवा 2 बाल्टियों को बाहर फेंक दें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी अशुद्धियों को जल प्रणाली से निकाल दिया गया है.

< पहले >



< बाद >



* ऊपर दिया गया अंक स्वचालित आइस मेकर विकल्प मॉडल प्रदर्शित करता है।

जब ऊपरी आइस ट्रे भरी हो, तो ऊपरी और निचली आइस ट्रे के बीच अदला-बदली करें।

सावधान: **टेस्ट बटन**

- यदि बर्फ़ बाहर नहीं आती है, तो बर्फ़ की बाल्टी बाहर खींचें और आइस मेकर के दाईं ओर स्थित टेस्ट बटन को दबाएं.



चित्र के कुछ हिस्से, मॉडल और विकल्प के आधार पर (उदाहरण के लिए आइस ट्रे, स्वचालित आइस मेकर, कूल पैक, शेल्फ या जल डिस्पेंसर) आपके रेफ्रिजरेटर से भिन्न हो सकते हैं।

चेतावनी

- यदि आप लंबे समय तक बाहर जाने की योजना बनाते हैं,तो रेफ्रिजरेटर को खाली कर दें और इसे ऑफ कर दें. उपकरण के अंदर से फालतू नमी पोंछ लें और दरवाजों को खुला छोड़ दें
  इससे दुर्गन्ध और फफूंदी न बनने देने में मदद मिलती है.
- यदि रेफ्रिजरेटर को लंबे समय तक प्रयोग नहीं किया जाता है, तो पावर प्लग निकाल दें.

- फ्रीजर कंपार्टमेंट में अधिक स्थान पाने के लिए, आप कूल पैक, शेल्फ, आइस मेकर, बर्फ भंडारण और उन्हें सहारा देने वाले जैसे फिटिंग्स को बिना किसी टूल की मदद से हटा सकते हैं।
  यह ऊष्मीय और यांत्रिकी विशेषताओं को प्रभावित नहीं करता है।
  फ्रीजर कंपार्टमेंट के घोषित भंडारण परिमाण का परिकलन ऊपर बताए चीजों को हटा करके किया जाता है।

- यदि आप दोनों आइस मेकर किट निकालना चाहते हैं, तो आपको पहले दाएं वाला हटाना है.
  (केवल अधिकतम बर्फ़ विकल्प मॉडल हेतु)

- इस उत्पाद से सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा कुशलता पाने के लिए, कृपया सभी शेल्फ, ड्रॉअर और बास्केट को उनके मूल स्थान पर छोड़ दें जैसा कि पृष्ठ 15 में प्रदर्शित है।

- फ्रीजर कंपार्टमेंट का निचला गार्ड केवल दो सितारा अनुभाग है। इसलिए, उचित कार्यप्रदर्शन के लिए निचला गार्ड मूल स्थान पर रख दिया जाएगा।

- डिस्प्ले मॉडल का अलार्म फं1शन फ्रीज का दरवाजा खुला रहने पर काम करता है। कृपया यह भी देखें कि फ्रीजर का दरवाजा बंद है या नहीं, 1योंकि फ्रीजर का दरवाजा खुला रहने पर अलार्म नहीं बजता है।
  किसी गैर-डिस्प्ले मॉडल के मामले में, फ्रीज और फ्रीजर का दरवाजा खुला रहने के बावजूद अलार्म नहीं बजता है। जांचें कि दरवाजे बंद हैं या नहीं।

- विशेषकर, फ्रीजिंग ऊपरी गार्ड कंपार्टमेंट के दाएं हिस्से में एक लोड सीमा लाइन है।
  कृपया लोड सीमा लाइन के दाएं हिस्से पर कोई खाद्य पदार्थ न रखें। (वैकल्पिक)



रेफ्रिजरेटर के सहायक पुर्जे निकालना

सावधान: असेंबल करने के दौरान, फ्रीज़र शेल्फ, रेफ्रिजरेटर शेल्फऔर कूल पैक ो सही स्थान पर लगाएँ और उन्हें उल्टा नहीं लगाएँ। इससे व्यक्तिगत चोट लग सकती है अथवा सामग्री को नुकसान हो सकता है.





1. आइस ट्रे और बॉ1स निकालें और फिर आइस ट्रे सहारा का दायां हिस्सा खींचें। बायीं ओर भी ऐसा ही करें. (केवल आइस मैक्स विकल्प मॉडल के लिए)



सावधान: आइस ट्रे सहारा का निकालते समय ध्यान रखें १योंकि यह अचानक बाहर निकल आएगा।

आइस ट्रे सहारा को अलग करने और लगाते समय ध्यान रखें 1योंकि इसके ऊपरी हिस्से में नुकीले किनारे हैं। इससे आपकी अंगुली को चोट लग सकती है।



आइस ट्रे सहायता को लगाने के लिए, उसके दाएं हिस्से को कुछ ऊपर रखते हुए उसे खांचों के ऊपर रखें।
आइस ट्रे को नीचे से बीचे के हिस्से में पकड़ें और इसके अपने स्थान पर ठीक से लग जाने तक धकेलें।

2. फ्रीज़र शेल्फ अथवा कूल पैक को ऊपर उठाएं तथा इसे आगे की ओर खींचें और फिर आइस ट्रे एवं बॉक्स को बाहर खींच दें. सपोर्ट ट्रे आइस बाहर खींचें. (केवल फ्रीज़र शेल्फ अथव कूल पैक विकल्प मॉडल के लिए)



3. आइस ट्रे निकालें और फिर फ्रीज़र शेल्फ ऊपर उठाएं, तथा इसे आगे की ओर खींचें.
(केवल आइस ट्रे विकल्प मॉडल के लिए)



4. रेफ्रिजरेटर शेल्फ को अपनी तरफ खींचें।



- शेल्फनिज़ालने ज़े लिए, जब रेफ्रिजरेटर ज़ा दरवाजा पूरा खोलना संभव हो, शेल्फज़ो आगे ज़ी तरफखींचें, उसे ऊपर उठाएँ और फिर बाहर खींच लें।
- शेल्फनिज़ालने ज़े लिए, जब रेफ्रिजरेटर ज़ा दरवाजा पूरा खोलना संभव न हो, शेल्फज़ो आगे ज़ी तरफखींचें, उसे ऊपर उठाएँ और झुज़ा ज़र बाहर खीचें।
- जब आप शेल्फज़ो वापस लगाएं, तो यह सुनिश्चित ज़र लें ज़ि'सामने' लेबल वाला हिस्सा रेफ्रिजरेटर ज़े सामने ज़ी तरफ हो।

5. कूल पैक ऊपर उठाएं और इसे आगे की ओर खींच दें.
(केवल ऑटो आइस मेकर विकल्प मॉडल के लिए)



6. कम तापमान वाले कैटेलाइजिंग डियोडोराइजर पर सिल का किनारा दबाकर इसे बाहर खींचें.

7. दरवाजे के गार्ड ऊपर उठाकर बाहर की ओर खींचें.



किसी भी सहायक पुर्जे को निकालने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि इसके रास्ते में कोई खाद्य पदार्थ नहीं है.
जब संभव हो, दुर्घटनाओं के जोखिम कम करने के लिए खाद्य पदार्थ को एक साथ निकालें.

कुछ मॉडल में पहले डोर बिन को निकाले बिना दराज को नहीं निकाल पाएँगे । भौतिक क्षति के जोख़िम को कम करने के लिए कृपया पहले डोर गार्ड निकालें ।

रेफ्रिजरेटर साफ़ करना

चेतावनी

सफाई करने के लिए बैंजीन, थिनर अथवा ष्ट्यश्ह्श्3ड्ड का प्रयोग न करें. इनसे उपकरण की सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है और आग लगने का जोखिम पैदा हो सकता है.

जब रेफ्रिजरेटर का प्लग लगा हो तो इस पर पानी न छिड़कें, क्योंकि इससे बिजली का झटका लग सकता है.
रेफ्रिजरेटर को आग लगने के खतरे के लिए बैंजीन, थिनर अथवा कार डिटर्जेंट से साफ न करें.

1. रेफ्रिजरेटर के पावर प्लग को निकालें।
2. मुलायम रुईमुक्त कपड़े अथवा पेपर टावल को पानी से थोड़ा गीला करें.

रेफ्रिजरेटर को साफकरने के लिए किसी भी डिटर्जेंट का उपयोग न करें 1योंकि यह रेफ्रिजरेटर को क्षति पहुंचा सकता है या इसका रंग खराब कर सकता है।

3. रेफ्रिजरेटर के अंदर और बाहर तब तक पोंछें जब तक कि यह साफ और शुष्क न हो जाए.
4. रेफ्रिजरेटर की पावर की तार का प्लग लगाएं.

आंतरिक लाइट बदलना

एल.ई.डी. लैम्प बदलने हेतु सर्विस इंजिनीयर से संपर्क करें.

समस्या निवारण

समस्या	समाधान
उपकरण बिल्कुल कार्य नहीं कर रहा है अथवा तापमान बहुत अधिक है.	• यह चेक करें कि पावर प्लग सही ढंग से जुड़ा हुआ है. • क्या आगे के पैनल का टैम्परेचर कंट्रोल सही ढंग से सेट है. • क्या सूरज उपकरण पर चमकता है अथवा इसके नजदीक गर्मी के स्रोत हैं ? • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत अधिक नजदीक है ?
रेफ्रिजरेटर में खाद्य पदार्थ जमा हुआ है।	• क्या आगे के पैनल में तापमान नियंत्रण को सबसे कम तापमान में सेट किया गया है ? • क्या आसपास का तापमान बहुत ही कम है ? • क्या आपने फ्रिज के सबसे ठंडे भाग में अधिक पानी की मात्रा वाले खाद्य पदार्थ को स्टोर किया ?
इसमें असामान्य आवाज़ निकलती है।	• यह चेक करें कि उपकरण को स्थिर, समतल फ़र्श पर स्थापित किया गया है। • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत अधिक नजदीक है ? • क्या उपकरण के पीछे अथवा नीचे कोई बाहरी चीजें गिरी हैं ? • क्या उपकरण के कंप्रेसर से आवाज आ रही है ? • उपकरण के अंदर से टिकटिक की आवाज़ सुनाई पड़ सकती है; यह सामान्य बात है। यह आवाज़ तब आती है जब विभिन्न सहायक पुर्जे संकुचित अथवा विस्तारित होते हैं।
उपकरण के आगे के किनारे और साइड्स गर्म हैं तथा संघनन (कंडेनसेशन) बनना शुरू हो जाता है।	• संघनन बनने से रोकने के लिए उपकरण के आगे के किनारों में ऊष्मा-रोधी पाइप लगाए जाते हैं। जब आसपास का तामपान बढ़ता है, तो यह हमेशा प्रभावी नहीं हो सकता है। लेकिन, यह असामान्य बात नहीं है। • जब वायु में विद्यमानममी उपकरण की ठंडी सतह के संपर्क में आती है तो अधिक नमी वाले मौसम में, उपकरण की बाहरी सतह पर संघनन बन सकता है।
आइस मेकर बर्फ़ नहीं बना रहा है।	• क्या आपने बर्फ़ बनाने से पहले रेफ्रिजरेटर की स्थापना के बाद 12 घंटों तक इंतज़ार किया ? • क्या आपने बर्फ़ बनाने की कार्यप्रणाली को हाथ से बंद किया ? • क्या फ्रीज़र का तापमान बहुत गर्म है ? फ्रीज़र के तापमान को थोड़ा कम पर सेट करने की कोशिश करें। • 1या आपने पानी की टंकी में पानी भर दिया है ? • क्या आपने वाटर टैंक को सही ढंग से फिट करते हुए देखा ?
वॉटर डिस्पेंसर काम नहीं कर रहा है।	• क्या फ्रिज का तापमान बहुत ही कम होने से वॉटर टैंक बर्फ़ से जमा हुआ है ? डिजिटल डिसप्ले पर वार्मर सेटिंग चुनने की कोशिश करें। • क्या आपने वॉटर टैंक में पानी भरा ? • क्या आपने वाटर टैंक को सही ढंग से फिट करते हुए देखा ?
आप उपकरण में द्रव्य के बुलबुलों की आवाज़ सुन सकते हैं।	• यह रेफ्रिजरेंट है, जो उपकरण के अंदर के भाग को ठंडा करता है।
उपकरण के अंदर दुर्गंध आ रही है।	• क्या कोई खाद्य पदार्थ खराब हो गया है ? • यह सुनिश्चित करें कि तेज गंध वाले खाद्य पदार्थ (उदाहरण के लिए, मछली) को लपेटा जाता है ताकि यह वायुरुद्ध रहे। • अपने फ्रीज़र को समय-समय पर साफ करें और किसी भी खराब अथवा क्षतिग्रस्त खाद्य पदार्थ को फेंक दें.
उपकरण की दीवारों पर पाले की परत जमी है।	• क्या रेफ्रिजरेटर के अंदर रखे गए खाद्य पदार्थ द्वारा वायु निकास छिद्रों को अवरुद्ध कर दिया गया है ? • वायुसंचार बढ़ाने के लिए खाद्य पदार्थो को यथासंभव खुले रखें। • क्या दरवाजा पूरी तरह से बंद है ?
उपकरण की अंदर की दीवारों पर और सब्जियों के चारों ओर संघनन बनता है।	• अधिक पानी की मात्रा वाला खाद्य पदार्थ अधिक नमी स्तर के साथ बिना ढके हुए स्टोर किया गया है अथवा दरवाजे को लंबे समय तक खुला छोड़ा गया है। • खाद्य पदार्थ को ढककर अथवा सीलबंद कंटेनर में रखें।

मेमो

परिवेश कमरा तापमान सीमाएं

यह रेफ्रिजरेटर रेटिंग प्लेट पर चिन्हित तापमान श्रेणी द्वारा निर्धारित परिवेश तापमानों में चलाने के लिए डिजाइन किया गया है।

श्रेणी	चिन्ह	परिवेश तापमान सीमा (ऐसे)	
		IEC 62552 (ISO 15502)	ISO 8561
विस्तारित तापमान	SN	+10 से +32	+10 से +32
तापमान	N	+16 से +32	+16 से +32
सबट्रोपिकल (उपोष्ण)	ST	+16 से +38	+18 से +38
ट्रोपिकल (उष्णकटिबंधीय)	T	+16 से +43	+18 से +43

आंतरिक तापमान निम्न कारणों से प्रभावित हो सकते है: फ्रिज़/फ्रीज़र के स्थान, परिवेश तापमान और जिस आवृत्ति से आप दरवाजा खोलते हैं। इन कारकों की पूर्ति के लिए आवश्यकता अनुसार तापमान ऐडजस्ट करें।

हिन्दी



इस उत्पाद का सही निपटान

(अपशिष्ट विद्युतीय और इलेक्ट्रोनिक उपकरण)

(पृथक संग्रहण प्रणालियों वाले देशों में लागू)

उत्पाद, सहायक पुर्जों अथवा लिटरेचर पर यह मार्किंग दर्शाती है कि उत्पाद और इसके इलेक्ट्रोनिक पुर्जों (अर्थात चार्जर, हेडसेट, यू.एस.बी. केबल) को इनकी कार्य अवधि के अंत में अन्य घरेलू अपशिष्ट के साथ नष्ट नहीं किया जाना चाहिए. अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान के कारण पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को हो सकने वाली हानि को रोकने के लिए, कृपया इन आइटमों को अन्य प्रकार के अपशिष्ट से अलग कर दें तथा सामग्री संसाधनों के सतत पुन: उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इन्हें जिम्मेदारी से पुन: उपयोग में लाएं.

घरेलू प्रयोक्ताओं को इस बारे में विवरणों के लिए या तो रिटेलर, जहां से उन्होंने यह उत्पाद खरीदा, अथवा स्थानीय सरकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए कि वे इन आइटमों को पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित रीसाइक्लिंग के लिए कहां और कैसे ले जाएं.

व्यावसायिक प्रयोक्ताओं को अपने सप्लायर से संपर्क करना चाहिए तथा खरीद कॉन्ट्रेक्ट की शर्तें देखनी चाहिए. इस उत्पाद और इसके इलेक्ट्रोनिक पुर्जों को निपटान के लिए अन्य वाणिज्यिक अपशिष्ट के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए.

SAMSUNG वर्ल्ड वाइड से संपर्क करें

यदि आपके पास Samsung उत्पादों से संबद्ध कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं, तो कृपया SAMSUNG ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें ।

1800 3000 8282

1800 266 8282

www.samsung.com/in/support

DA68-02832F-06